## खबर संक्षेप



### केतन सिंह ने पाली महोत्सव में दी प्रस्तुति

**हरदीबाजार।** जिले के प्राचीन व ऐतिहासिक नगरी पाली में दो दिवसीय महोत्सव चला उसमें इंजी. केतन सिंह राठौर के द्वारा (गंगा अवतरण) में क्लासिकल डांस के माध्यम से प्रस्तुति दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा सहायक आयुक्त श्रीकांत केसर का श्रीफल साल स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया तथा छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आयोजित राजीव कुंभ में भी केतन सिंह ने (शिव वंदना) प्रस्तुति देकर जनता का मन मोह लिया था। केतन सिंह राठौर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्यनरत है व छिंदपुर हरदीबाजार निवासी भाजपा नेता चुलेश्वर राठौर व समाज सेविका माधुरी सिंह राठौर के पुत्र हैं।

### जनपद सदस्य सनिता को पाली जनपद सीईओ ने दिया प्रमाण पत्र



**हरदीबाजार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत पाली के क्षेत्र क्रमांक 4 से जनपद सदस्य के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में उतरे थे, जिसमें तीन ग्राम पंचायत हरदीबाजार, सराईसिंगार व चैनपुर आते हैं। इस क्षेत्र के जनपद सदस्य अनिल टंडन ने क्षेत्र क्रमांक 4 महिला होने पर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सनिता टंडन को उम्मीदवार के रूप में उतारा जहां सनिता अनिल टंडन को कुल 2464 मत प्राप्त हुए, सविता सतनामी को 1197 वोट तो कांति मधुकर को 887 वोट प्राप्त हुआ। वहीं सुनिता अनिल टंडन 1267 वोटों के बड़े अंतर से विजय हुए। सनिता अनिल टंडन ने अपने जीत का श्रेय क्षेत्र के समस्त मतदाताओं को दिया।

### सड़क के डामरीकरण कार्य का कटघोरा विधायक ने किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार से कोरबा आने-जाने में आमगांव चौक से भिलाईबाजार तक की सड़कें उखड़ गई थी, बाईक समेत चार पहिया व यात्री बसों के परिचालन में काफी समस्या आ रही थी। साथ ही धूल से भी लोग खासे परेशान थे। इस समस्याग्रस्त मार्ग से क्षेत्र के आम लोग सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का भी प्रतिदिन जिला मुख्यालय आना-जाना होता है। इस गंभीर समस्या से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रुबरु हुए जिसके निदान हेतु शनिवार को सराईसिंगार आमगांव चौक से भिलाईबाजार चौक तक डामरीकरण सड़क नव निर्माण कार्य का कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने रलिया में भूमिपूजन किया। इस दौरान भिलाईबाजार मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, जनपद सदस्य नेहा तंवर, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा छोटे लाल पटेल, मन्नू सांई राठौर, विधायक प्रतिनिधि व्यास राठौर, सचिन राठौर, मुकेश राठौर, प्रदीप राठौर, रथ लाल पाटले, समेलाल पाटले, छत्रपाल राठौर, ओमप्रकाश समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### एसईसीएल में कैटेगरी वन के जनरल मजदूर अब कहलाएंगे जनरल असिस्टेंट

**कोरबा।** कोल इंडिया ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अपने कर्मचारियों के पदनाम में बदलाव किया है। अब कोल इंडिया के किसी भी व्यक्ति को जनरल मजदूर नहीं कहा जाएगा, बल्कि उनका नाम बदलकर जनरल असिस्टेंट कर दिया गया है।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम

| | |
|---|---|
| COBB कंपनी के कपड़े पर | 66% छूट 2 पे 4 फ्री |
| जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर | 33% छूट |
| फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) | 25% छूट |
| इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम | 30% छूट |
| डोर एण्ड डोर (राजकोट) | 33% छूट |

फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

## 70 मिलियन टन उत्पादन के साथ बनेगा नया रिकॉर्ड

# गेवरा खदान दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बनने की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल की मेगा परियोजना गेवरा खदान जल्द ही दुनिया के सबसे बड़ी ओपन कास्ट कोल माइंस बनने जा रही है।

**खास बात**

- गेवरा खदान को 70 मिलियन टन सालाना उत्पादन की मिल चुकी है पर्यावरणीय स्वीकृति

जिसे सालाना 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद एसईसीएल प्रबंधन ने तेज गति से खदान के विस्तार की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

फिलहाल दुनिया की सबसे बड़ी ओपन कास्ट कोल माइंस संयुक्त राज्य अमेरिका के ब्लैक थंडर माइंड को माना जाता है, लेकिन अब जल्द ही इस खदान से दुनिया के सबसे बड़े कोयला खदान होने का तमगा छिन जाएगा और यह रिकॉर्ड जिले में स्थापित गेवरा कोल माइंस के नाम पर दर्ज हो जाएगा। गेवरा खदान से पहली बार वर्ष 1981 में कोयला खनन शुरू हुआ था। जी बीते 43 वर्ष से देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रही है। गेवरा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 50 मिलियन टन से ज्यादा कोयला खनन कर देश की सबसे बड़ी कोयला खदान बन चुकी है। बीते वर्ष 2023-24 में 59 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन के साथ अब विश्व की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में शामिल है। गेवरा में विश्व की अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग कर कोयला खनन किया जा रहा है। जिसके लिए प्रदूषण मुक्त सरफेस माइनर कटर मशीन से उत्पादन व डिस्पैच किया जा रहा है। इस मशीन की वजह से अब खदान में बारूद लगाकर ब्लास्टिंग करने की जरूरत नहीं पड़ती, जबकि कुछ वक्त पहले तक ब्लास्टिंग के दौरान धूल उड़ने और पत्थर छिटकने की वजह से नुकसान होने का खतरा बना रहता था। जमीन में वाइब्रेशन से आसपास के भवनों में दरार व अन्य समस्या बनी रहती थी। केन्द्र सरकार की कोल इंडिया के देश भर में आठ सहायक कंपनी है। इनमें से फिलहाल एमसीएल पिछले 3 साल से सर्वाधिक कोयला खनन कर नंबर वन कंपनी है। एसईसीएल ने वर्ष 2023-24 में 240 लाख टन की वृद्धि के साथ 1670 लाख टन कोयला खनन किया। इससे पहले इस कंपनी में इतना कोयला का उत्पादन कभी नहीं हुआ था। जिसमें कोरबा जिले का काफी प्रमुख योगदान है।



फाइल फोटो

**ये हैं विश्व की टॉप 5 कोयला खदान**

संयुक्त राज्य अमेरिका की ब्लैक थंडर, विश्व में कोयला खदान में नंबर एक पर है, दूसरे नंबर पर भारत है। यहां के छत्तीसगढ़ की कोरबा स्थित गेवरा कोल माइन्स दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर फिर संयुक्त राज्य अमेरिका की नार्थ एंटेलोप रोशेल है। चौथे नंबर पर फिर भारत है। कोरबा की एसईसीएल कुसमुंडा की खदान चार नंबर पर है। पांचवें नंबर पर चीन की शानक्सी खदान है।

**देश की जरूरत करेगा पूरी**

वर्तमान में अकेले कोरबा जिले के अलग अलग खदानों से देश के कुल 18 प्रतिशत खनन होता है। इतना ही नहीं कुसमुंडा व गेवरा के पूरी तरह से विस्तार हो जाने के बाद आने वाले 50 साल तक देश की कोयला जरूरतों को पूरा करने में कोरबा की खदानें सक्षम हैं। फिलहाल यहां से छत्तीसगढ़ के एक दर्जन बडे बिजली संयंत्रों में की जा रही है। इसके साथ ही दूसरे राज्य पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश में भी कोयला कोरबा से ही भेजा जा रहा।

# मांग को लेकर भूविस्थापितों का खदान बंदी आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएमडी कार्यालय में पुराने रोजगार प्रकरणों के निराकरण को लेकर हुई बैठक के बाद भी प्रकरणों के निराकरण को लेकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा गंभीरता नहीं दिखाने से आक्रोशित कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित संगठन के नेतृत्व में लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण की मांग को लेकर 3 मार्च को कुसमुंडा खदान बंद हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि 30 दिसंबर को बिलासपुर मुख्यालय में सीएमडी और डीपी के उपस्थिति में बैठक हुई थी, जिसमें लंबित रोजगार प्रकरणों का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया गया था। भूविस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण 3 मार्च को कुसमुंडा खदान बंद हड़ताल की घोषणा की गई है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने एसईसीएल से साफ कहा कि सभी भूविस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भूविस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। हर साल कुछ नौकरी देकर गुमराह करना बंद करे मार्च महीने में कुसमुंडा से कोयला बाहर निकलने नहीं देंगे। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है अपने पुनर्वास और रोजगार के लिये भूविस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव ने कहा कि 1978 से लेकर 2004 के मध्य कोयला खनन के लिए जमीन को अधिग्रहित किया गया है लेकिन तब से अब तक विस्थापित ग्रामीणों को न रोजगार दिया गया है न पुनर्वास ऐसे प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है। प्रत्येक खातेदार को रोजगार दिया जाए नहीं तो पूरे मार्च महीने में संघर्ष और तेज किया जाएगा।

# ईडी के विरोध में कांग्रेसियों का धरना



धरना प्रदर्शन करते पूर्व महापौर एवं अन्य कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में टी पी नगर कोरबा कांग्रेस कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन किए जाने के संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि ईडी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री को कई घंटों तक ईडी कार्यालय में जबरिया बढ़ाया गया। इसी के विरोध में आज पूरे प्रदेश भर के जिला मुख्यालय में पुतला दहन एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

प्रदर्शन स्थल पर संबोधित करते हुए पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि ईडी ने प्रदेश कांग्रेस को समन जारी किया, जिस पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री ने बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराया। इसके बावजूद कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री को ईडी दफ्तर में बिना किसी कारण के कई घंटो तक बैठाया गया। पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि ईडी एक तरह से भाजपा का अनुसंगिक संगठन की भांति कार्य कर रहा है और हमारे पार्टी को एवं कार्यकर्ताओं को प्रताड़ति कर रही है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ईडी के तानाशाही पूर्ण कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी। आज जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं 3 मार्च को प्रदेश स्तर रायपुर के सुभाष स्टेडियम के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाना है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, गजानंद साहू, बंटी शर्मा, सुरेश पटेल, अविनाश बंजारे, सरीता भारिया, संजय शाह, मो.शाहिद, यशवंत चौहान, पवन विश्वकर्मा, रामगोपाल यादव, एसआर भारती, राजेश यादव, नरायण कुर्रे, गणेश दास महंत, जवाहर निर्मलकर, अवधेश लाकिया, होरीलाल भारिया सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# खरमोरा व जमनीपाली वार्ड में संचालित हुई मेगा स्वच्छता ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा शनिवार को कोसाबाड़ी जोन के खरमोरा एवं दरी जोन के जमनीपाली वार्ड में स्वच्छता अभियान के तहत मेगा

**खास बात**

- निगम आयुक्त ने सफाई कार्यो का किया निरीक्षण, निराकरण के दिए निर्देश

स्वच्छता ड्राइव चलाकर बृहद स्तर पर साफ सफाई के कार्य किए गए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बस्तियों में पहुंचकर विशेष साफ सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने बस्ती के लोगों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

25 जनवरी से नगर निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के अंतर्गत शनिवार को खरमोरा व जमनीपाली वार्ड में वृहद स्वच्छता ड्राइव चलाई गई। आयुक्त आशुतोष पांण्डेय ने खरमोरा वार्ड के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोकुल नगर, अटल आवास सहित अन्य मोहल्लों एवं जमनीपाली वार्ड की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पहुंचकर गली-गली का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस्ती के लोगों से भेंट कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि, चूंकि ग्रीष्म ऋतु का आगमन होने वाला है, ग्रीष्म ऋतु में बस्ती मोहल्लों के रहवासियों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे इस हेतु निगम क्षेत्र के समस्त वार्ड एवं बस्तियों में स्थापित सभी हैंडपंपों की तत्काल जांच कराएं तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी हैंडपंप सुचारू रूप से चले।



निरीक्षण करते निगम आयुक्त श्री पाण्डेय एवं स्वच्छता अधिकारी डॉ.संजय तिवारी।

# ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ेंगी चुनौतियां, नवाचारों के लिए रहें तैयारः एमडी कटियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ़ेंगी और ऐसे में युवा अभियंताओं को नवाचार के लिए तैयार रहना होगा। टीम वर्क के बिना हमारी सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती इसलिए हमें मिलकर चलना होगा।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ स्टेट विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के एक दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन एवं असाधारण सभा के दौरान कही। कार्यक्रम में श्री कटियार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मड़वा संयंत्र के सीनियर क्लब में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि वरिष्ठ इंजीनियरों के अनुभव और युवा अभियंताओं की ऊर्जा के समन्वित प्रयास से हम अपनी प्रगति को सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राजेश पांडे, महासचिव मनोज वर्मा, कार्यक्रम संयोजक एचएन कोसरिया, कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष राजेश पांडे ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कनिष्ठ स्तर पर नई भर्ती, अंतर कंपनी ट्रांसफर पर रोक सहित कई मांगे प्रबंधन के समक्ष रखी गई। महासचिव मनोज वर्मा ने कहा कि अधिवेशन की शुरुआत में अभियंताओं के प्रेरणा भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया।

# जंगल में खेत के बीच मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** साजापानी गांव के जंगल में एक खेत से लाश बरामद होने से सनसनी फैल गई। शव के टुकड़े अलग-अलग स्थानों पर बिखरे मिले, जबकि पास रखे पैरा में खून के निशान भी पाए गए। पुलिस ने मृतक की पहचान बुधवार सिंह (40) पिता साहेततर मांझी के रूप में की है, जो चुनाव से चार दिन पहले लापता हो गया था। बुधवार सिंह मजदूरी करता था और नशे का आदी था। उसकी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी और उससे एक बेटा है, जो मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ है। दूसरी पत्नी दो महीने पहले उसे छोड़कर चली गई थी, जिससे वह अकेले रह रहा था। गुरुवार को गांव के ठंडाराम नामक चरवाहे ने खेत में लाश देखा, लेकिन गांव चले जाने के कारण वह तत्काल सूचना नहीं दे सका। शनिवार को लौटने के बाद उसने मृतक के भतीजे शोभाराम को इसकी जानकारी दी। शोभाराम ने जब मौके पर जाकर देखा, तो उसने तुरंत गांव के कोटवार जगमोहन को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया गया।

**ईश्तहार/उद्घोष्णा**

रा.प्र. क्र........अ-2/2024-25
ग्राम....चांपा....प.ह.न. 07 तहसील चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम-चांपा प.ह.न. 07 तहसील-चांपा जिला- जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती आरती चौरसिया पति सुनील कुमार चौरसिया निवासी ग्राम-चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 05.03.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूचीः- खसरा नं.1162/5 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि. लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 19.02.2025 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चांपा

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि।
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

2-Mar- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 3/2/2025 8:22 PM Page 1





# नागा चैतन्य की फिल्म 'थंडेल' अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार

**मुंबई।** नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म 'थंडेल' को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसमें दोनों की अदाकारी की खूब तारीफ हुई थी। दोनों की केमिस्ट्री ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 64.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'थंडेल' अपनी ओटीटी ओटीटी रिलीज को तैयार है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'थंडेल' के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने खरीद लिए हैं। फिल्म का प्रीमियर होली के खास मौके पर यानी 14 मार्च, 2025 से प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।

लाइफ Style

# रकुल
## पहली बार साथ दिखेंगे सैफ अली

एजेंसी ⏭ मुंबई

रकुल प्रीत सिंह इन दिनों फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' में नजर आ रही हैं, जिसका बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ है। फिल्म टिकट खिड़की पर एक हफ्ते में ही दम तोड़ चुकी है। इसी बीच अब रकुल के हाथ फिल्म 'रेस 4' लग गई है, जिसके हीरो सैफ अली खान हैं।

पिछले काफी समय से इसके लिए लीड हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब रकुल पर आकर खत्म हुई है। इंडिया टुडे के मुताबिक, 'रेस 4' में रकुल की एंट्री हो चुकी है। रमेश और सैफ का पूरा ध्यान फिलहाल इसी प्रोजेक्ट पर लगा है। बताया जा रहा है कि रकुल इस थ्रिलर फ्रैंचाइजी से जुड़कर बेहद खुश हैं। फिल्म में रकुल का एक अलग अवतार दर्शकों के बीच आने वाला है। वह कई बड़े बजट की फिल्मों में काम कर चुकी हैं और अब वह 'रेस 4' में एक नई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। रकुल अब तक कई रोमांटिक कॉमेडी फिल्में कर चुकी हैं। यह पहला मौका है, जब वह किसी थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगी। जल्द ही फिल्म का आधिकारिक ऐलान हो सकता है। यह पहला मौका होगा, जब रकुल और सैफ किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। हालांकि, अभी यह साफ नीं हुआ है कि रकुल फिल्म में सैफ की जोड़ीदार होंगी या नहीं। इस साल की शुरुआत में रमेश तौरानी ने 'रेस 4' में सैफ की मौजूदगी की पुष्टि की थी। रकुल ने साल 2014 में 'यारियां' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'अय्यारी', अजय देवगन के साथ 'दे दे प्यार दे', 'थैंक गॉड', 'रनवे 34' और 'छतरीवाली' जैसी फिल्मों में बतौर लीड हीरोइन काम कर चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थियेटर में

**नई दिल्ली।** फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह ऑस्कर को लेकर दुनियाभर के दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह है। ऑस्कर का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया है, जो 2 मार्च को होगा। आइए जानते हैं भारत में यह कार्यक्रम आप कहां और कब देख सकते हैं। ऑस्कर के 97वें संस्करण 2 मार्च को शाम 7 बजे लॉस एंजिलिस में शुरू किया जाएगा। अमेरिका में इसका सीधा प्रसारण एबीसी चैनल पर किया जाएगा। भारत में इस अवॉर्ड समारोह का लाइव प्रसारण 3 मार्च को सुबह 5:30 बजे से जियो हॉटस्टार पर किया जाएगा।



# अभी भी जिंदा है ये एक्ट्रेस, फैल गई थी मौत की झूठी खबर...

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में फेसबुक पर एक खबर खूब वायरल हुई थी, जिसमें ये दावा किया जा रहा था कि मशहूर कंट्री सिंगर और एक्ट्रेस रेबा मैकएंटायर का निधन हो गया। इस खबर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया था, '15 मिनट पहले परिवार ने दी दुखद खबर'। इस खबर के फैलने के बाद फैंस के बीच दुख की लहर दौड़ गई थी, हालांकि, बाद ये खबर बिल्कुल झूठ निकली। रेबा पूरी तरह स्वस्थ हैं और सोशल मीडिया पर लगातार अपने नए प्रोजेक्ट्स की जानकारी दे रही हैं। हालांकि, ये कोई पहला मौका नहीं है जब उनके निधन की झूठी खबरें फैलाई गई है। इससे पहले भी 26 फरवरी, 2025 को इस वेबसाइट ने उनकी मौत का झूठा दावा किया था। अमेरिकन इंफो ने दावा किया कि रेबा 1991 में एक प्लेन क्रैश में मारी गई थीं। असलियत ये है कि उस हादसे में रेबा के 7 बैंड सदस्यों और टूर मैनेजर की मौत हुई थी।



# एक्स अकाउंट हुआ हैक फैंस रहे सतर्क

**मुंबई।** बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल का एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) हैक हो गया है। इसको लेकर उन्होंने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपने प्रशंसकों को सतर्क किया। श्रेया घोषाल ने कहा, हैलो फैंस और फ्रेंड्स, मेरा ट्विटर यानी एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स की टीम तक पहुंचने की पूरी कोशिश की, लेकिन मुझे सिर्फ कुछ ऑटो-जेनरेटेड रिस्पॉन्स मिले। मैं अपना खुद का एक्स अकाउंट डिलीट भी नहीं कर पा रही हूं। 13 फरवरी से मैं इसमें लॉग इन भी नहीं कर सकी। इसलिए मैं आप सभी को सचेत कर रही हूं, कृपया मेरे अकाउंट या किसी अन्य लिंक पर क्लिक न करें और वहां से आने वाले किसी भी मैसेज को मेरा समझकर भरोसा न करें। वे सभी स्पैम और फर्जी लिंक हैं।



# बेटी के पहली बार मां बनने की दी खबर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अब नायिकाओं के मां बनने का समय चल रहा है। कल ही कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के पहले बच्चे के जन्म की घोषणा हुई थी, और अब खबर आ रही है कि सुनील शेट्टी की बेटी, बॉलीवुड अभिनेत्री आथिया शेट्टी, भी जल्द ही मां बनने वाली हैं। आथिया शेट्टी ने 23 जनवरी 2023 को भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल से प्यार के बाद शादी की थी। इस समय लोकेश राहुल चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए दुबई में हैं। शादी को अब डेढ़ साल हो चुका है, और इसी बीच आथिया शेट्टी के पिता, बॉलीवुड अभिनेता सुनील ने अपनी बेटी के पहले बच्चे के जन्म की खबर साझा की है। सुनील शेट्टी ने बताया, इस साल आईपीएल मैच के दौरान आथिया मां बनने वाली हैं। इस साल आईपीएल 22 मार्च से शुरू होकर 25 मई तक चलेगा।

टीवी मसाला



# ऋतिक की बर्थडे पार्टी में मीका ने शाहरुख को 50 लाख की डायमंड रिंग गिफ्ट की...

**मुंबई।** शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान पंजाबी होने की वजह से या किसी और कारण से, यह तो पता नहीं, लेकिन शाहरुख और गौरी दोनों पंजाबी सिंगर मीका सिंह को बहुत पसंद करते हैं। वहीं, मीका सिंह फिल्म इंडस्ट्री के तीन लोगों को अपना आइकन मानते हैं- शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन और गुरदास मान। कई सालों से मीका सिंह के मन में था कि वह इन तीनों के लिए कुछ खास करना चाहते हैं। और इसी सोच के चलते, कुछ साल पहले ऋतिक रोशन की बर्थडे पार्टी में जब मीका की शाहरुख खान से पहली बार मुलाकात हुई, तब उन्होंने शाहरुख को 50 लाख रुपए की डायमंड रिंग गिफ्ट कर दी।

यह बात मीका सिंह ने अब जाकर खुद शेयर की है। उस रात मुंबई में ऋतिक रोशन की बर्थडे पार्टी सुबह 5 बजे तक चली थी। जब पार्टी खत्म हुई और मीका, शाहरुख और गौरी बाहर निकले, तो शाहरुख ने मीका से कहा, मीका, आज हम तुम्हारी गाड़ी में बैठकर घर चलेंगे। बात तय होते ही, शाहरुख, गौरी, ऋतिक और मीका सब गाड़ी में बैठ गए। शाहरुख ने कहा, आज ड्राइविंग मैं करूंगा। तभी रणवीर सिंह भी उनके पीछे-पीछे आ गए और बोले, मैं भी इस गाड़ी में जाऊंगा। लेकिन जब गाड़ी में सीट नहीं बची, तो रणवीर ने पीछे की डिक्की खोली और स्टोरेज वाले हिस्से में बैठ गए। इसके बाद सभी ने खूब मस्ती की और फिर जो-जो जहां रहता था, वहां उतरते गए। सबसे आखिर में शाहरुख अपने घर पहुंचे। इस दौरान शाहरुख को मीका की गाड़ी बहुत पसंद आई। इतना कि कुछ दिनों बाद उन्होंने शूटिंग सेट पर मीका से वह गाड़ी मांगी और लगभग तीन महीने तक अपने पास रखी और खुद चलाते रहे।

### अपने प्यार और सम्मान के लिए

हाल ही में मुंबई में मीका सिंह ने इस किस्से को शेयर करते हुए बताया, मुझे हमेशा लगता था कि मुझे फिल्म इंडस्ट्री के तीन लोगों के लिए कुछ करना चाहिए शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन और गुरदास मान। इसलिए, मैंने अमिताभ बच्चन को भी 50 लाख की डायमंड रिंग गिफ्ट की, सिर्फ अपने प्यार और सम्मान के तौर पर।

# कियारा ही नहीं, इन अभिनेत्रियों के घर भी जल्द गूंजेगी किलकारियां...

*मुंबई। जानी-मानी अदाकारा कियारा आडवाणी अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रही हैं। उन्होंने एक प्यारे पोस्ट के साथ यह खुशखबरी अपने प्रशंसकों को दी है। कियारा और सिद्धार्थ ने साल 2023 में शादी की थी। अब शादी के 2 साल बाद उनके घर में किलकारियां गूंजने वाली हैं। हालांकि, इस समय सिर्फ कियारा ही नहीं, बल्कि कुछ और अभिनेत्रियां भी प्रेग्नेंट हैं।*



**अथिया शेट्टी** : सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी और क्रिकेटर केएल राहुल माता-पिता बनने के लिए तैयार हैं। दोनों ने पिछले साल नवंबर में यह ऐलान किया था। उन्होंने 8 नवंबर को सोशल मीडिया पर उन्होंने अपने प्रशंसकों को यह खुशखबरी दी थी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, 'हमारा सुंदर आशीर्वाद जल्द ही आने वाला है। 2025।' बताया जा रहा है कि अथिया की डिलिवरी अप्रैल में होगी। राहुल और अथिया 23 जनवरी, 2023 में शादी के बंधन में बंधे थे।



**इलियाना डिक्रूज** : अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज और माइकल डोलन साल 2023 में पहली बार माता-पिता बने थे। अब इलियाना दूसरी बार मां बनने वाली हैं। उन्होंने इसी महीने की शुरुआत में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को बताया था कि वह प्रेग्नेंट हैं। इलियाना ने 2012 में अपनी पहली हिंदी फिल्म 'बर्फी' से ही बॉलीवुड में अपनी पहचान बना ली थी। अक्षय कुमार की 'रुस्तम', अजय देवगन की 'बादशाहो' और 'रेड' जैसी फिल्मों में भी उनकी तारीफ हुई थी।



**एमी जैक्सन** : बालीवुड फिल्मों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री और विदेशी मॉडल एमी जैक्सन ने 25 अगस्त, 2024 को इटली में अपने बॉयफ्रेंड एड वेस्टविक से शादी की थी। उन्होंने पिछले साल नवंबर में बताया था कि वह मां बनने वाली हैं। बता दें कि एमी पहले ही एक 6 साल के बेटे एंड्रियास की मां हैं, जिसे उन्होंने साल 2019 में जन्म दिया था।



**सना खान** : पूर्व अभिनेत्री और 'बिग बॉस 6' से लोकप्रिय हुईं सना खान ने पिछले साल नवंबर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति मुफ्ती अनस सैय्यद के साथ अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया था। उन्होंने अपने पोस्ट में भगवान का आभार जताया और कहा कि उनका 3 लोगों का परिवार 4 लोगों का होने वाला है।

# महाराष्ट्र में 'छावा' ने तोड़ा 'पुष्पा 2' की कमाई का रिकॉर्ड

*मुंबई। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म 'छावा' पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। महान छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' को पछाड़ अब 'छावा' महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'छावा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इस फिल्म में आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी जैसे सितारे भी हैं। दूसरे सप्ताह में भी महाराष्ट्र में 'छावा' की बादशाहत कायम है।*




*300 करोड़ रुपये के साथ यह राज्य में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसी के साथ इस फिल्म ने 'पुष्पा 2' को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें 250 करोड़ रुपये कमाए थे। एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2' 220 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत में 'छावा' का कारोबार तेजी से 400 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रहा है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में छावा' का भी खूब डंका बज रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 420.35 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। फिलहाल फिल्म का बॉक्स ऑफिस से हिलना मुश्किल लग रहा है। यह फिल्म 7 मार्च, 2025 से तेलुगु भाषा में रिलीज हो रही है।*

## 'माई': बेटी की मौत का बदला लेने वाली कहानी को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं

# शबाना से पहले इन हीरोइनों ने उठाए हथियार, दिखा भयानक अवतार

*मुंबई। एक समय था, जब हीरोइनों की खूबसूरती और लटके-झटके फिल्मों की जान हुआ करते थे। हालांकि, अब तो हीरोइनें न सिर्फ पर्दे पर, बल्कि पर्दे के पीछे भी दमखम दिखा रही हैं। 28 फरवरी को शबाना आजमी की वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' रिलीज हो रही है। इसमें शबाना आजमी ड्रग्स की आपूर्ति करने वाली महिलाओं की सरगना बनी हुई हैं। आज हम आपको ऐसी सीरीज के बारे में बता रहे, जिनमें हीरोइनों का हटके और धाकड़ अवतार देखने को मिला।*



**'आर्या 3'** : सुष्मिता सेन के करियर की पहली वेब सीरीज 'आर्या' की जमकर तारीफ हुई है। इस सीरीज में सुष्मिता ने दमदार एक्शन किया है। जहां 'आर्या' और 'आर्या 2' में वह अपने बच्चों को बचाने के लिए भागती नजर आईं, वहीं 'आर्या 3' में उसने डटकर दुश्मनों का सामना किया। इसमें उसके गृहणी से व्यापारी बनने तक का सफर दिखाया गया। सुष्मिता ने माफिया क्वीन बनकर सबका दिल जीत लिया। जियो हॉटस्टार पर आप यह सीरीज देख सकते हैं।




**'माई'**: क्राइम-इनवेस्टिगेटिव- थ्रिलर वेब सीरीज 'माई' में साक्षी तनवर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसमें एक मां की अपनी बेटी के कातिल और कारण की खोज की कहानी दिखाई गई है और इसी क्रम में बात बदले तक पहुंच जाती है। अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए सीरीज की लीड अदाकारा साक्षी कैसे अपराध को अंजाम देती है, इसमें यही दिखाया गया है। बेटी की मौत का बदला लेने वाली इस भावुक कहानी को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



**'दिल्ली क्राइम' और 'ह्यूमन'**: वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी बनी शेफाली शाह ने अपने किरदार से सबके छक्के छुड़ा दिए थे। अब वह दिल्ली क्राइम सीजन 3 में अपनी धाक जमाएंगी। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर है। उधर शेफाली शाह का वेब सीरीज 'ह्यूमन' में एक अलग ही अवतार देखने को मिला था। दवाओं के मानव परीक्षण के अमानवीय कारोबार की झकझोरने वाली कहानी में शेफाली ने अपनी दमदार नकारात्मक भूमिका से दिल जीत लिया था। यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर है।



**'कार्टेल'**: एकता कपूर की 'कार्टेल' में सुप्रिया पाठक ने अपने हटके किरदार से होश उड़ा दिए थे। गैंगवार की इस रोचक कहानी में सुप्रिया रानी माई के किरदार में दिखीं, जो कम समय में धमाका कर गईं। यह एमएक्स प्लेयर और एएलटी बालाजी पर मौजूद है।

### 'सास-बहू और फ्लेमिंगो' और 'दहाड़'



डिज्नी+हॉटस्टार पर आई एक एक्शन क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एक सास के बनाए साम्राज्य को बेटे नहीं बल्कि बहू और बेटी संभाल रही हैं। ये सीरीज एक सास के बनाए साम्राज्य को बेटे नहीं, बल्कि बहू और बेटी संभाल रही हैं। सीरीज एक्शन, रोमांस, रोमांच और खूब सारे ड्रामे से भरपूर है। दूसरी ओर अमेजन प्राइम वीडियो पर आई 'दहाड़' में सोनाक्षी सिन्हा ने मंडावा के पुलसि थाने की SI अंजलि भाटी का किरदार निभाकर खूब महफिल लूटी थी।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट ऑफ द मंथ विजेता ममता का बीईओ ने किया सम्मान



**चांपा।** जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड बम्हनीडीह में पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की सहायक शिक्षिका ममता जायसवाल को बीईओ एम डी दीवान एवं विनोबा एप के एडवाइजर वरूण कप्पल द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला झरना के मनोज नायक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीईओ ने कहा कि विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यो की पहचान और सराहना होती है । शिक्षक विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है जिससे शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। सभी शिक्षक विनोबा ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करे। विनोबा ऐप के एडवाइजर वरूण कप्पल ने कहा कि विनोबा ऐप शिक्षको के लिए उपलब्ध कराया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है । इस अवसर पर बीआरसी हीरेन्द्र बेहार , सुशील शर्मा शिवप्रकाश जायसवाल ,विनोबा ऐप जांजगीर के अजहर शेख, भूपेंद्र चंद्रा , सोमनाथ साहू उपस्थित थे ।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 13 से

**बिर्रा।** स्थानीय दाऊमुहल्ला स्थित कश्यप निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ गुरुवार 13 मार्च से शुरू होगा। कथावाचक आचार्य देवकृष्ण महराज के कथा का रसपान कराएं गे। 13 मार्च को कलशयात्रा वेदीपूजन महात्म्य को कथा प्रारम्भ होगा। 14 मार्च को अवतार वर्णन परीक्षित शाप, 15 मार्च को कपिल उपाख्यान नरसिंह कथा, 16 मार्च को वामन अवतार श्री राम प्राकट्य, 17 मार्च को बाल लीला गोर्वधन महारास, 18 मार्च को कंस वध रक्खमणी मंगल, 19 मार्च को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, 20 मार्च को हवन सहस्त्रधारा के साथ कथा समापन होगा।

### जनपद पंचायत सक्ती में अनिता परमानंद ने 2774 वोटों से दर्ज की जीत

**सक्ती।** जनपद पंचायत सक्ती के क्षेत्र क्र 13 मसानिया कला से अनिता परमानंद सिदार ने 2774 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। अनिता के पति परमानंद 2 साल के लिए जनपद सदस्य बने थे। अपना काम और व्यवहार, अपने सरलता अपने सादगी से जनता का दिल 2 सालों में जीत गए थे। परमानद सिदार का बच्चों से बुजुर्गो तक का सम्बन्ध अच्छा है। ये सबके साथ मिल जुल कर रहते है।



### शासकीय स्कूल एवं नवीन महाविद्यालय में ओलंपियाड पोस्टर का विमोचन



**बिर्रा।** विश्व रंग फाउंडेशन सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं वन माली सृजन पीठ द्वारा विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन 14 से 30 सितंबर को भारत सहित विश्व के 50 से अधिक देशों में आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में हिंदी ओलंपियाड के पोस्टर का लोकार्पण बिर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में आगामी सितंबर माह में हिंदी शोधार्थियों का सम्मेलन, पुस्तक यात्रा का आयोजन, विश्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा ओलंपियाड विजेताओं का सम्मान किया जाएगा। विमोचन अवसर पर प्राचार्य एफएल साहू, व्याख्याता सुशील कुमार पटेल, सुंदरलाल कश्यप, जय राम बघेल, हितेंद्र बहादुर खरे, रामकुमार पटेल, सीवी रमन संयुक्त संस्था प्रमुख देवेन्द्र नामदेव, नवीन महाविद्यालय में विमोचन के दौरान प्राचार्य डॉ बी के डहरिया, प्रोफेसर मोतीचंद अनंत,योगेश टंडन, रत्नेश भारती, महेंद्र महिलांगे उपस्थितथे।

## किसानों को जागरुक नहीं कर पा रहा कृषि विभाग

# जिले में हरी खाद की खेती को नहीं मिल पा रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



हरी खाद की खेती से ना केवल फसल को लाभ मिलता है, बल्कि कीट प्रकोप का कहर भी कम होता चला जाता है, लेकिन यहां हरी खाद की खेती नहीं हो पा रही है, जिसके कारण किसानों को लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में हरी खाद की खेती को बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण फसलों पर कीट प्रकोप का कहर भी बढ़ता रहता है, जबकि देखा जाए तो हरी खाद से ना केवल पोषक तत्व मिलता है बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी अच्छी रहती है, बावजूद इसके ज्यादातर किसान आज भी रासायनिक खाद का ही ज्यादा से ज्यादा उपयोग करते नजर आते हैं। यहां ढेचा की खेती को बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में प्रमुख रूप से धान की पैदावार की जाती है। ढेचा की खेती ज्यादातर किसानों को गर्मी के दिनों में करना रहता है। इसके बाद हरी खाद से जो 4 फीट का पौधा तैयार होता है उसे फिर जमीन के अंदर डाल दिया जाता है। तत्पश्चात जब धान सहित अन्य फसलों के लिए खेतों में बीज डाला जाता है, उसके बाद फिर खाद डालने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यही हरी खाद जमीन के अंदर रहकर धान सहित अन्य फसलों को पोषक भी प्रदान करता है, जबकि देखा जाए तो आज के ज्यादातर किसान हरी खाद के बजाय रसायनिक खाद का ही उपयोग धान सहित अन्य फसलों की पैदावार करने में करते हैं। जिले के नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा सहित लगभग सभी ब्लॉकों में प्रमुख रूप से धान की खेती की जाती है, लेकिन इनमें से देखा जाए तो गिने चुने किसान ही हरी खाद का उपयोग खाद के रूप में कर रहे हैं।

#### दिए हैं दिशा निर्देश

किसान ज्यादा से ज्यादा अपने खेतों में हरी खाद का उपयोग करें ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बरकरार रहे। इस संबंध में ग्राम सहायकों को दिशा-निर्देश देकर किसानों से चर्चा करने के लिए भी कहा गया है।

**ललित मोहन भगत,** उप संचालक
कृषि विभाग जांजगीर चांपा

#### क्या कहते हैं किसान

हरी खाद के उपयोग के संबंध में ग्राम लुखर्री के प्रगतिशील किसान रामप्रकाश केशरवानी का कहना है कि हरी खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने से ना केवल जमीन की उर्वरा शक्ति बरकरार रहती है बल्कि रासायनिक खाद के अपेक्षा इससे फसल भी अच्छा रहता है और उत्पादन भी ज्यादा होता है। कमरीद किसान ईश्वर प्रसाद कश्यप का कहना है कि किसानों को रासायनिक खाद के बजाय अपने खेतों में जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए, जैविक खाद से फसल भी अच्छा तैयार होता है। साथ ही साथ में नुकसान भी कम होता है। ग्राम पंचायत बिरगहनी के किसान रामसूख साहू का कहना है कि हरी खाद की खेती अब धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। कृषि विभाग को ही इस पर पहल करनी चाहिए ताकी ज्यादा ज्यादा किसान अपने खेतों में ढांचा की खेती कर सके। ग्राम पंचायत औराईकलां के किसान देवनारायण पटेल का कहना है कि समय के साथ-साथ अब ज्यादातर किसान रासायनिक खाद का ही उपयोग अपने खेतों में करते हैं जबकि जैविक खाद से फसल भी अच्छा होता है। साथ ही साथ इसका असर स्वास्थ्य पर भी बेहतर बना रहता है।



प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि।

### संकटग्रस्त बच्चों की मदद के लिए चाइल्ड लाइन 1098 के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- जागरूकता कार्यक्रम एवं लैंगिक समानता पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 24 फरवरी से 8 मार्च तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्ड्री स्कूल जांजगीर व चांपा एवं ग्राम पंचायत पचेड़ा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पचेड़ा मे जागरूकता कार्यक्रम एवं लैंगिक समानता पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं के साथ होने वाली लैंगिक प्रकृति की हिंसा होने पर कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 एवं कानूनी कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही चाईल्ड हेल्प लाईन जिला बाल संरक्षण इकाई के सदस्यों के द्वारा बाल विवाह और उससे संबंधित कानूनों, बाल विवाह करवाने वाले उनके परिजनों, पंडित एवं विवाह में सम्मिलित हुए रिस्तेदारों पर की जाने वाली कानूनी कार्यवाहियों, नाबालिक बच्चों के द्वारा किये जाने वाले अपराधों में पॉस्को अधिनियम के तहत की जाने वाली कार्यवाहियों के बारे में जानकारी दिया गया। संकटग्रस्त बच्चों के मदद के लिये चाईल्ड लाईन 1098 के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में इसके साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन, उद्देश्य गुड टच-बैड टच एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम, महिला हेल्पलाईन 181, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा के संबंध में बच्चों के पोषण युक्त आहार के संबंध में जानकारी दी गई।

### लायंस क्लब के सदस्यों ने हलुवा प्रसाद वितरण का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा



अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान कलेश्वरनाथ की नगरी पीथमपुर में 26 फरवरी को लायन सदस्यों द्वारा मंदिर पहुंचकर वहां पूजा - अर्चना करने के पश्चात मंदिर आन-जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को 150 किलो हलुवा में प्रसाद वितरण किया गया एवं श्रद्धलुओं को पानी पाउच का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि लायंस क्लब प्रति वर्ष विविध अवसरों पर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाता है। अतः महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर 26 फरवरी को पीथमपुर स्थित प्रसिद्ध भगवान कलेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचकर वहां शिव की पूजा - अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, जोन चेयरपर्सन लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन सुरेश अग्रवाल आदि सदस्यों ने उपस्थित रहकर इस सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

### दस किलोमीटर दूर परीक्षा देने जाने से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



केन्द्र में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।

- किरारी में नवीन परीक्षा केंद्र स्थापित होने से आसपास की विद्यार्थियों को मिल रही सुविधा

ग्राम किरारी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में नवीन परीक्षा केंद्र स्थापित होने से आसपास की विद्यार्थियों को अन्यत्र दूर स्थित परीक्षा केंद्र जाकर परीक्षा देने की परेशानियों से मुक्ति मिल गई है। किरारी में ही बोर्ड परीक्षा केंद्र खुलने से आसपास के विद्यार्थियों में हर्ष है।

गौरतलब है कि छतीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है। इस वर्ष जिले में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 26 हजार 749 परीक्षार्थी परीक्षा देगे। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 75 केन्द्र बनाए गए है। जिसमें नवीन परीक्षा केंद्र किरारी अकलतरा भी शामिल है। परीक्षा केंद्र किरारी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरारी,गायत्री विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल तरौद ,शासकीय हाई स्कूल चोरभट्टी ,अमृतलाल कश्यप बाल संस्कार हायर सेकेंडरी स्कूल चोरभट्टी,से दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 253 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। नवीन परीक्षा केंद्र किरारी में परीक्षा के पूर्व मां सरस्वती तैल चित्र में अगरबत्ती पुष्प अर्पित कर व श्री फल तोड़कर परीक्षा केंद्र प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम के प्रतिनिधि रमेश चंद श्याम ने कहा किरारी के बच्चे परीक्षा दिलाने 10 किलोमीटर दूर अकलतरा परीक्षा देने जाते थे। अब किरारी में परीक्षा केंद्र होने से यहां के विद्यार्थी गांव में ही परीक्षा दे पाएंगे। अन्य केंद्र में जाना नहीं पड़ेगा। सरपंच अशोक कश्यप के द्वारा सभी परीक्षार्थी को मिठाई खिलाकर स्वागत किया अच्छे परिणाम के साथ पास होने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रमेश चंद श्याम, परमेश्वरी श्याम, सरपंच अशोक कश्यप, किरारी केंद्राध्यक्ष पंचराम पटेल ,शशिकांत दीवान, महेश्वर कश्यप ,कमल कश्यप ,शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त होने पर प्रधान पाठक को दी गई विदाई

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिर्रा में प्रधान पाठक मुरारी लाल थवाईत के 28 फरवरी को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिर्रा के प्रधान पाठक संतोष यादव, डी डी एस एस बिर्रा संकुल के शैक्षिक समन्वयक लखन लाल कश्यप, सिलादेही संकुल के शैक्षिक समन्वयक गुरु प्रसाद भतपरे जी ने अपने संबोधन में श्री थवाईत को एक कर्तव्यनिष्ठ, कुशल वक्ता और श्रेष्ठ मार्गदर्शक बताया। संतोष यादव प्र पा, लखन लाल कश्यप शैक्षिक समन्वयक, गुरु प्रसाद भतपरे शैक्षिक समन्वयक, मथुरा मधुकर प्र पा तालदेवरी, संतराम कश्यप प्र पा फूलवारी पारा, नोहर राम साहू, छबि कुमार पटेल के द्वारा थवाईत गुरुजी को शाल एवं श्री फल भेंट किये। इस अवसर पर उनके स्टाफ की शिक्षिकाएं श्रीमती मीनाक्षी कश्यप, सरिता चौहान, पूजा पटेल, भारती कश्यप सफाई कर्मचारी राजेन्द्र पटेल एवं सभी छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### शैक्षणिक उपलब्धि के लिए शिक्षकों एवं पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ओपेन लिंक फाउंडेशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव का आयोजन जांजगीर के होटल ड्रीम प्वाइंट में किया गया। कार्यक्रम में विकास खण्ड अकलतरा को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

विगत 3 वर्षों से संस्था में शत प्रतिशत परिणाम देने के लिए अकलतरा विकासखंड से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल अकलतरा की प्राचार्या श्रीमती गीता सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी की प्राचार्या श्रीमती हेमलता गौतम, सहा. शि.एल.बी. प्राथमिक विद्यालय कटघरी राजेश्वर कुमार रात्रे, सर्वश्रेष्ठ सीएसी रूपेश सिंह संकुल पड़रिया, बेहतरीन पपेट शो के प्रस्तुतीकरण के लिए निकिता सिंह चंदेल एवं सहयोगी तीरथ बाई गोंड सहा.शिक्षक एल बी, सहा.शि. एल.बी.बालक प्राथमिक विद्यालय अकलतरा श्रीमती तारामणि केरकेट्टा, सहा.शि.एल.बी. प्राथमिक विद्यालय कोटगढ ,श्रीमती सबीना बानो, संकुल कन्या अकलतरा सीएसी उमाशंकर निर्मलकर, शासकीय कन्या प्राथमिक शाला अकलतरा सहायक शिक्षिका अलकिन खान, संकुल बालक सीएसी दामोदर प्रसाद चौधरी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती रत्न माला सिंह, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती स्वाती राठौर,बी. आर.सी.शैलेंद्र सिंह बैस ने सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों को यह सम्मान शिक्षा के प्रति समर्पण, सेवा और प्रतिबद्धता सहित विनोबा एप्प में विभिन्न गतिविधियों, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा , एनएमएमएस परीक्षा एवं उत्कृष्ट जांजगीर अभियान के कार्यकमों में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों, संकुल अकादमिक समन्वयकों , संस्था प्रमुखों और विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को प्रधान किया गया।



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते शिक्षक।

### बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा आवश्यक

**जांजगीर-चांपा।** नवीन प्राथमिक शाला कमरीद में 28 फरवरी को प्रधानाध्यापक बिना श्रीवास की अध्यक्षता में विद्यालय शिक्षा समिति के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से उन बच्चों के अभिभावकों को बुलाया गया, जिनके बच्चे शाला त्यागी हैं या नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं।

इस अवसर पर ह्यूमना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था से राज्य परियोजना अधिकारी महेंद्र बिष्ट एवं जिला प्रभारी सोमनाथ केवट विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन कदम प्रोग्राम के अंतर्गत किया गया, जिसके तहत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को वर्कबुक में कार्य करते हुए पाया गया, जिससे उनकी शिक्षा में रुचि को प्रोत्साहित किया गया। राज्य परियोजना अधिकारी महेंद्र बिष्ट ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों को समझाया कि शिक्षा अच्छे जीवन जीने का आधार है और यह बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा से न केवल बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, बल्कि वे समाज में आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक भी बनते हैं। इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष रमेश गबेल, विद्यालय के शिक्षकों और अधिकारियों ने घर-घर जाकर उन बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात की, जो नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे थे। इस दौरान अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।



शिक्षा समितिकी बैठक में पालकों से चर्चा करते स्कूल स्टाफ व अन्य।

### जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में अनुनय कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सक्ती।** अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सरस्वती शिशु मंदिर सक्ती में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र चिरायु गवेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान एवं संचार प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देशन में देशभर में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के तहत जिला शिक्षा विभाग के द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र चिरायु गवेल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम रहा। हेमंत निषाद क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय तथा रुद्र प्रताप निषाद क्विज प्रतियोगिता में ही तृतीय स्थान में रहे। इंग्लिश क्वीज में तथा ड्राइंग में कृष्णा पटेल, देवांशी यादव, हिमानी सिंह, स्नेहा अग्रवाल, चांद गबेल, भावना बरेठ. कृतिका चंद्रा ,परिणीति कास्यकार, नेहा साहू मॉडल प्रतियोगिता में एवं चाहत पटेल शुभम राठौर, लोक अग्रवाल अहमद एवं विश्व प्रताप, ओजस सिंह, अंश एवं लिसा राठौर आंचल वर्मा, भूमिका राठौर, नविता उपाध्याय, भूमिका जैन अवनी शर्मा, पिया जायसवाल विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था प्रमुख योगेश साहू, ममता पटेल, किरण श्रीवास, अजय कुमार, निखिल साहू, सीमा पटेल, उमानंद पटेल, मधुलता सोनी ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।









